
**बुधवार**
02 अक्टूबर 2024



पृष्ठ 4
**जीभ से कैसे पता चलती है बीमारी...**



पृष्ठ 5
**श्वेता तिवारी ने लेटेस्ट लुक से...**



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 234
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।
— महात्मा गांधी

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# शहीदों की आकांक्षाओं का राज्य बनाएंगे: धामी

विशेष संवाददाता

देहरादून/मुजफ्फरनगर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज रामपुर तिराहा कांड के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिन बलिदानियों के बलिदान से हमें उत्तराखंड राज्य मिला उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अलग राज्य के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन शहीदों के मन में अपने नए राज्य को लेकर जो आकांक्षाएं और सपने थे हमारा प्रयास है कि हम उनकी आकांक्षाओं का राज्य बनाएं।



मुख्यमंत्री धामी ने आज सुबह अपने आवास पर पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155 वीं जयंती पर तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने कचहरी परिसर स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धा सुमन समर्पित किये।

**❑राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर को श्रद्धा पूर्वक याद किया**

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य आंदोलन में शहीद हुए रामपुर तिराहा कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी जब राज्य के लोग अलग राज्य को लेकर आंदोलन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अलग राज्य के लिए पहाड़ के लोगों ने बड़ा बलिदान दिया। पुलिस के लाठी डंडे खाए हैं और जेल गए हैं। उन्होंने कहा कि एक सितंबर 1994 को खटीमा का गोलीकांड हुआ जब पुलिस ने बर्बता करते हुए गोलियां चलाई जिसमें सात लोग शहीद हो गए इसके अगले ही दिन 2 सितंबर 1994 को मसूरी में हुए बर्बरतापूर्वक कांड में पांच लोग शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर 1994 के रामपुर तिराहा कांड में तो बर्बरता और अमानवीयता की सारी हदें ही लांघ दी गई। जब शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए दिल्ली जा रहे लोगों पर आधी रात को यूपी पुलिस प्रशासन ने न सिर्फ गोलियां बरसाई बल्कि मां बहनों की इज्जत को तार-तार किया। उन्होंने कहा कि इस अमानवीयता की पीड़ा को राज्य के लोग कभी भूल नहीं सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पृष्ठ 8 पर

# राज्य में वर्क पॉपुलेशन रेशियो में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी: सुदंरम

संवाददाता

देहरादून। सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुदंरम ने कहा कि राज्य में वर्क पॉपुलेशन रेशियो में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

आज यहां सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने मीडिया सेंटर सचिवालय में मीडिया से औपचारिक वार्ता करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा 2022 में आगामी 05 वर्षों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया। राज्य की जी.एस.डी.पी में पिछले 20 माह में 1.3 गुना वृद्धि हुई है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय 2021-22 में 02 लाख 05 हजार रूपये थी 2023-24 में यह बढ़कर 02 लाख 60 हजार रूपये हो गई है। पिछले दो सालों में राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर दो सालों में प्रति व्यक्ति आय 01 लाख 50 हजार 906 से बढ़कर 01 लाख 84 हजार हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रति व्यक्ति आय में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सचिव डॉ.आर. मीनाक्षी सुंदरम ने जानकारी दी कि भारत सरकार के पी.एल.एफ.सर्वेक्षण के अनुसार



राज्य का 2022- 23 में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 15 से 29 आयु वर्ग में 43.7 प्रतिशत था जो 2023-24 में बढ़कर 49 प्रतिशत हो गया है। इसी प्रकार राज्य का वर्क पॉपुलेशन रेशियो 37.5 प्रतिशत से बढ़कर 44.2 प्रतिशत हो गया है। 15 से 59 आयु वर्ग में लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 60.1 से बढ़कर 64.4 प्रतिशत और वर्क पॉपुलेशन रेशियो 57.2 से बढ़कर 61.2 प्रतिशत हो गया है। राज्य में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन रेट 56 से बढ़कर 60.7 प्रतिशत और वर्क पॉपुलेशन रेशियो 53.5 से बढ़कर 58.1 हो गया है। राज्य में वर्क पॉपुलेशन रेशियो में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 15 से 29 आयु वर्ग में यह 26. 1 प्रतिशत से बढ़कर 32.4 ▶▶ शेष पृष्ठ 8 पर

## पीएम मोदी ने स्कूली बच्चों के साथ सफाई अभियान में हिस्सा लिया

नई दिल्ली। स्वच्छता अभियान के दस साल पूरे होने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्कूली बच्चों के साथ सफाई अभियान में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने भारत के नागरिकों से 'स्वच्छ भारत' की भावना को और मजबूत करने के लिए स्वच्छता पहल में भाग लेने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा आज गांधी जयंती पर, मैं अपने युवा मित्रों के साथ स्वच्छता अभियान का हिस्सा बना। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि



आज अपने आसपास स्वच्छता अभियान का हिस्सा बनें। आपकी यह पहल 'स्वच्छ भारत' की भावना को और मजबूत करेगी। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा सांसद बंसुराय स्वराज ने भी चल रहे 'सेवा पखवाड़ा' अभियान के तहत आज स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दो पायलट समेत तीन लोगों की मौत

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले में बुध वार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना सुबह के समय शहर के बावधन इलाके में हुई, जहां एक निजी हेलीकॉप्टर उड़ान भरने के तुरंत बाद गिर गया और उसमें आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही मौके पर दो एंबुलेंस और चार दमकल गाड़ियां भेजी गईं।

पुलिस ने बताया कि दिल्ली स्थित निजी कंपनी 'हेरिटेज एविएशन' के हेलीकॉप्टर ने यहां ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स हेलीपैड से उड़ान भरी और वह मुंबई के जुहू जा रहा था। इस दौरान सुबह 7:40 बजे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार, यह घटना



ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के नजदीक बावधन क्षेत्र के एक पहाड़ी इलाके के पास हुई। पिंपरी चिंचवाड़ के पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे ने कहा, ''हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। अग्निशमन विभाग के वाहनों के साथ हमारी टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है।'' पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेरिटेज एविएशन का हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स के हेलीपैड से उड़ा और बावधान के पास पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे हेलीकॉप्टर में सवार दो पायलट और एक इंजीनियर की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने भी कहा कि यह घटना सुबह 7:40 बजे हुई। उन्होंने पुष्टि की कि दुर्घटनाग्रस्त, अगस्ता 109 हेलीकॉप्टर दिल्ली स्थित निजी कंपनी 'हेरिटेज एविएशन' का था। पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी अनिल डिमले ने बताया, ''मृतकों की पहचान गिरीश कुमार, प्रीतम सिंह भारद्वाज और परमजीत सिंह के रूप में हुई है।'' पिंपरी चिंचवाड़ के संयुक्त पुलिस आयुक्त शशिकांत महावरकर ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े सात बजे ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स के हेलीपैड से उड़ान भरी।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

## जम्मू कश्मीर का शांतिपूर्ण चुनाव

लोकसभा चुनाव के बाद दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों पर देशवासियों की नजरे लगी हुई है। क्योंकि राजनीति के जानकार यह मानकर चल रहे हैं कि अब इन दो राज्यों के चुनाव परिणाम देश की भावी राजनीति की दिशा और दशा को तय करने जा रहे हैं। पहले यह माना जा रहा था कि इन दो राज्यों के साथ ही महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव भी होंगे लेकिन चुनाव आयोग ने दो राज्यों में एक साथ चुनाव कराने का कार्यक्रम बनाकर सभी को चौंका दिया था। जम्मू कश्मीर जहां 10 साल बाद चुनाव हुए हैं तीसरे चरण और अंतिम चरण का मतदान कल संपन्न हो गया है। जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए हैं यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि आतंकवाद और अलगाववाद प्रभावित इस सीमावर्ती राज्य के आंतरिक हालात कभी सामान्य नहीं रहते हैं। इस चुनाव का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना बड़ी राहत की बात होने के साथ-साथ इस मायने में भी एक बड़ी सफलता मानी जा सकती है कि जम्मू कश्मीर के लोगों ने इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। पहले दो चरण के मतदान प्रतिशत से ही इस बात के संकेत मिल चुके थे कि इस बार अच्छा मतदान होगा 57 व 61 फीसदी मतदान के बाद तीसरे चरण के मतदान में रिकार्ड मतदान देखा गया जो 68 फीसदी से भी अधिक बताया जा रहा है अगर औसत मतदान की बात करें तो वह 64-65 फीसदी के बीच रहा है जो कि बदले हुए कश्मीर के लिए एक सुखद संदेश जैसा है। कौन जीतेगा और किसकी सरकार बनेगी यह अब 8 अक्टूबर को मतगणना के बाद ही पता चल सकेगा। हरियाणा में क्योंकि 5 अक्टूबर को मतदान एक ही चरण में कराया जा रहा है इसलिए 8 अक्टूबर को ही दोनों राज्यों के नतीजे आएंगे जहां तक जम्मू कश्मीर के चुनाव की बात है तो इस चुनाव के परिणाम यह भी बताने वाले हैं कि फरवरी 2019 में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और राज्य को दो हिस्सों में बांटने का जो फैसला लिया था उसके बारे में खुद जम्मू कश्मीर की आम आवाम क्या सोचती है। वह सरकार के फैसले से कितनी खुश है या नाखुश है इस सवाल का जवाब भी इन चुनाव परिणामों से मिलने वाला है। जहां तक चुनाव पर किए जाने वाले सर्वे और एग्जिट पोल तथा अनुमानों की बात है तो उस पर अब किसी को भी कोई भरोसा नहीं रह गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान जब से यह साबित हुआ है कि यह सब कुछ प्रायोजित ही होता है इसका कोई खास ध्यान नहीं दे रहा है। जम्मू और कश्मीर दोनों ही जिनकी राजनीतिक और भौगोलिक परिस्थितियां भी अलग-अलग हैं कांग्रेस यहां नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ी है तो भाजपा और उसकी पूर्व सहयोगी पीडीपी अलग-अलग चुनाव लड़ी हैं। लेकिन चुनाव परिणामों के बाद गठजोड़ों के क्या समीकरण बनेंगे यह किसी को भी पता नहीं है। वही हरियाणा के चुनाव के बारे में जरूर यह लग रहा है कि यहां चुनाव एक तरफा हो सकता है। भाजपा जिसने बीते 10 साल यहां सरकार चलाई उसको सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ रहा है। इन चुनावों के नतीजे 8 अक्टूबर को आने के बाद महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव होने वाले हैं। इन सभी चार राज्यों के नतीजों से देश की भावी राजनीति का रुख स्पष्ट हो सकेगा। कांग्रेस जो केंद्र में एक सशक्त विपक्ष की भूमिका में है तथा भाजपा जो केंद्रीय सत्ता में है किसका विजय रथ आगे निकलने वाला है और किसका पिछड़ने वाला है यह स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल तो जम्मू कश्मीर का शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होना ही सबसे बड़े संतोष की बात है

## जिलाधिकारी ने राष्ट्रपिता व शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की

संवाददाता



देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित किये।

आज यहां जिलाधिकारी सविन बंसल ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। जिलाधिकारी ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर के जीवन एवं संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए, उनके आदर्शों एवं बताए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को महापुरूषों द्वारा दिखाए गए सद मार्ग पर चलते हुए अपने देशहित राज्य हित में अपना योगदान देने की अपेक्षा की। इस दौरान गांधी के प्रिय भजन रामधुन का गायन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी सहित कलेक्ट्रेट परिसर समस्त अधिकारी कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

### राजभवन में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि

## दोनों महानायक हमारे नैतिक और राष्ट्रीय आदर्शों के प्रतीकः राज्यपाल

संवाददाता

देहरादून। राजभवन में राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि दोनों महानायक हमारे नैतिक और राष्ट्रीय आदर्शों के प्रतीक हैं।

आज यहां राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में भातखंडे



संगीत महाविद्यालय देहरादून के कलाकारों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन- 'रघुपति राघव राजा राम', 'वैष्णव जन तो तैने कहिये जे पीर पराई जानि रे', 'श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमन' तथा 'ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया' की संगीतमय प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया के लिए सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त किया है, उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी सादगी व सरलता भरा जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। ये दोनों महानायक हमारे नैतिक और राष्ट्रीय आदर्शों के प्रतीक हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सफाई के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, उप सचिव जी. डी. नौटियाल, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय व राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## जिला सम्मेलन करेगी आम आदमी पार्टीः कलेर

संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए शीघ्र जिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

आज आम आदमी पार्टी उत्तराखण्ड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एस. एस. कलेर की अध्यक्षता में प्रदेश व जिला पदाधिकारीयों के साथ अति महत्त्वपूर्ण बैठक राज्य अतिथि गृह बीजापुर में सम्पन्न हुई जिसमें पार्टी के संगठन विस्तार व आगामी जिला सम्मेलन को लेकर विस्तृत



चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे एस. एस. कलेर ने संगठन विस्तार व आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेने के लिए उमड़ रहे जन मानस को व्यवस्थित तरीके से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने की बात को प्रमुखता से उठाया तथा प्रादेशिक संगठन को और ऊर्जावान होकर कार्य करने तथा जनता की मूलभूत जरूरतों के मुद्दों को लेकर सड़क से लेकर सचिवालय तक आवाज उठाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन मंत्री डी के पाल, प्रदेश सचिव डॉ शोएब अंसारी, संयुक्त सचिव श्यामलालनाथ, जसबीर सिंह, महानगर अध्यक्ष शरद जैन, परवादून अध्यक्ष अशोक सेमवाल, सचिन थपलियाल, जितेन पंत, रविन्द्र चौधरी, पास्चर थॉमस, सूरज गुंसाई आदि उपस्थित रहे।

## मकान का ताला तोड लाखों की चोरी

देहरादून (सं)। मकान का ताला तोड लाखों की चोरी के मामले में एक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरस्वती सोनी मार्ग निवासी साक्षिता गुप्ता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके घर लक्ष्मन चौक मे घर का दरवाजा तोड कर शुभम थापा पुत्र स्व. चारू थापा ने चोरी की है। यह घटना उनके घर के सीसीटीवी कैमरा में दर्ज हुई है। वह उनके घर से एक लाख नकद, चांदी की मूर्ती चांदी के सिक्के, कुल सम्पत्ति 1.5 लाख की चोरी हुई है।

## आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने मनाया 'शहीद स्मृति दिवस'

संवाददाता

देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने शहीद स्मृति दिवस मनाया।

आज यहां चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र चौहान कचहरी स्थित राज्य आंदोलनकारी शहीद स्मारक पर गए और समिति के मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप की ओर से और अपने और तमाम समिति के हजारों कार्यकर्ताओं की ओर से मुजफ्फरनगर रामपुर तिराहा कांड की तीसवी बरसी के अवसर पर दिवंगत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



उल्लेखनीय है समिति आज राज्य भर में शहीदों की याद में 'शहीद स्मृति दिवस' मना रही है।

## तीन अक्टूबर से होगा श्री रामलीला महोत्सव का शुभराम्भ

संवाददाता

देहरादून। श्री रामलीला कला समिति द्वारा अपने 156वें वर्ष में श्री रामलीला महोत्सव का शुभाराम्भ तीन अक्टूबर से किया जायेगा।

आज यहां इस वर्ष श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ 3 अक्टूबर-24 से 15 अक्टूबर-24 तक श्री रामलीला भवन, रामलीला बाजार देहरादून में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होने जा रहा है। समिति के अध्यक्ष राकेश महेन्द्रू ने बताया कि श्री रामलीला कला समिति द्वारा 3 अक्टूबर 2024 को प्रातः 10:00 बजे कलश स्थापना, शाम चार बजे श्री सुंदरकांड का पाठ व रात्रि नौ बजे से श्री रामलीला के मंचन का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक मंडल के महामंत्री सोम प्रकाश शर्मा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष की श्री राम जी की बारात (श्री राम विवाह शोभा यात्रा) 6 अक्टूबर 2024 दिन रविवार को श्री शिवाजी धर्मशाला से दोपहर 3:00 बजे प्रारंभ होगी। जैसा कि आप सभी को ज्ञात है कि यह समिति देहरादून की मात्र ऐसी समिति है जो दशहरे वाले दिन श्रीलंका दहन का आयोजन बहुत ही भव्य व विशाल रूप से करती आ रही है।

दयाल चंद गुप्ता महामंत्री ने बताया कि इस बार भी 12 अक्टूबर 2024 को हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज लक्ष्मण चौक के परिसर में शाम साढे पांच बजे किया जाएगा।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी लंका दहन, रावण दहन, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलो का दहन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मण चौक वेलफेयर सोसाइटी व श्री रामलीला कला समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है। आज सभी समिति के सदस्यों ने श्री रामलीला भवन में पहुंचकर श्री रामलीला महोत्सव की व्यवस्था सुनिश्चित की। जिसमें मुख्य रूप से अरविंद गोयल, शोभित मांगलिक, धन प्रकाश गोयल, हर्ष अग्रवाल, बालेश गुप्ता, विक्की गोयल, मनोज सिंघल, तरुण शर्मा व हरीश चौहान, रोशन राणा आदि समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## न्यूड वीडियो बनाकर ठगे सवा लाख रूपये

देहरादून (सं)। फोन पर न्यूड वीडियों को हटाने के नाम पर सवा लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्वरी कालोनी विद्या विहार निवासी युवक ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको रात्रि में एक वीडियो कॉल उसके मोबाईल नम्बर पर आयी, उसने उक्त वीडियो कॉल उठाया था। उसके कुछ देर बाद ही उसे रात्रि को ही मैसेज आया कि उसका एक न्यूड वीडियो बना है, तथा उसकी एक छोटी क्लीपिंग भी उसको भेजी है। उसने उपरोक्त नम्बर पर तुरन्त फोन करने का प्रयास किया, किन्तु फोन नम्बर स्वीचऑफ आया। उसने घबराकर तुरन्त उसको भेजी गयी वीडियो को अपने नम्बर से डिलीट कर दिया। उसके बाद थोड़ी देर बाद ही उसके मोबाईल फोन पर एक कॉल आयी, फोन करने वाले ने बताया कि यह साईबर वालो का नम्बर है, उसकी वीडियो जो गूगल पर है, उसे तुरन्त हटाओ। उक्त कॉल करने वाले ने उसको एक मोबाईल नम्बर दिया। फोन करने वाले नम्बर का टू वेल्यू पर पुलिस लोगो भी दर्शित हो रहा था। उक्त फोन करने वाले ने अपना नाम संजय माथुर बताया था। उसने तुरन्त दिये गये मोबाईल पर फोन किया, तथा उसने उसको ब्लैकमेल कर कथित कूटरचित वीडियो मैसेज को गूगल से हटाने के नाम पर मोबाईल नम्बर से उससे रूपयों की मांग की और समय-समय पर उसके द्वारा कुल एक लाख 29 हजार 900 रूपये भेज दिये। इस प्रकार अज्ञात साईबर ठगो ने उसकी कूटरचित वीडियो दिखाकर एवं स्वंय को साईबर पुलिस बताते हुये कथित वीडियो को गूगल से डिलीट करने के नाम पर ब्लैकमेल कर प्रार्थी से एक लाख 29 हजार 900 रूपये ठग लिये।

## दुष्कर्म मामले में फरार चल रहा 5 हजार का ईनामी गिरफ्तार

हरिद्वार (हसं)। दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे पांच हजार के ईनामी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसएसपी हरिद्वार द्वारा इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है। इस क्रम में झबरेडा पुलिस द्वारा इनामी आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष झबरेडा के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा किये गये अथक प्रयासो के फलस्वरूप बीती शाम दुष्कर्म के आरोपी अमित कुमार पुत्र सतपाल निवासी ग्राम बैहडेकी सैदाबाद थाना झबरेडा जिला हरिद्वार जिसकी गिरफ्तारी हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा 5000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था जिसको कुंजा रोड इकबालपुर से पकड़ा गया। जिसे आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## सड़क पर दबंगई दिखा रहे युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, वाहन सीज

देहरादून (सं)। सडक पर दबंगई दिखाकर सोशल मीडिया में वीडियो वायरल करने युवकों को भारी पड गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो, जिसमें कार सवार कुछ युवकों द्वारा चकराता रोड पर उनके वाहन को हल्की टक्कर लगने पर एक अन्य कार सवार व्यक्तियों के साथ मार-पीट तथा गाली गलौच की जा रही थी, का संज्ञान लेते हुए एसएसपी अजय सिंह द्वारा तत्काल प्रभारी निरीक्षक कैण्ट को आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में थाना कैण्ट पर टीम गठित की गई, गठित टीम द्वारा वायरल वीडियों में दिख रहे वाहन के सम्बन्ध में जानकारी करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों गौरव कुमार पुत्र सोमपाल निवासी सहजवा, थाना रामपुर, जिला सहारनपुर तथा सुमित कुमार पुत्र रामकुमार निवासीः ग्राम सबदलपुर, थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर को पुलिस एक्ट में गिरफ्तार किया गया, साथ ही संबंधित वाहन को सीज किया गया।

## यातायात अभियानः 1301 टेंपो, ई-रिक्शा व विक्रम का किया सत्यापन, 24 सीज

देहरादून (सं)। यातायात व्यवस्था में प्रभारी सुधार हेतु चलाये गये अभियान के तहत पुलिस ने 1301 टैंपो, ई-रिक्शा व विक्रमों का सत्यापन कर 24 को सीज कर दिया। आज यहां यातायात व्यवस्था में प्रभावी सुधार हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने- अपने थाना क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से चल रहे टेंपो/ ई-रिक्शा/ विक्रम आदि के सत्यापन हेतु 02 दिवस का सत्यापन अभियान चलाने तथा नियम विरुद्ध तरीके से संचालित/ यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले टेंपो/ ई-रिक्शा/ विक्रम आदि के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे, उक्त निर्देशों के क्रम में जनपद में टेंपो/ ई-रिक्शा/ विक्रम वाहनों की चेकिंग हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस द्वारा नगर व देहात क्षेत्र में चल रहे 1301 विक्रम/ टेंपो/ ई- रिक्शा का सत्यापन करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रहे 24 ऑटो/ ई रिक्शा को सीज किया गया, साथ ही यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 42 विक्रम/ ई रिक्शा के न्यायालय के चालान तथा 303 टेंपो/ ई-रिक्शा/ विक्रम के चालान करते हुए 1,51,500 रूपये का संयोजन शुल्क वसूला गया।

# फेफड़ों को स्वस्थ रखने में मदद कर सकती हैं ये एक्सरसाइज



प्रदूषित हवा और खराब जीवनशैली जैसे कई कारण हैं, जिनके कारण हमारे फेफड़ों का स्वास्थ्य प्रभावित होता है और शरीर कई तरह की फेफड़ों से संबंधित समस्याओं से घिर जाता है। इसलिए, शरीर के इस महत्वपूर्ण अंग के स्वास्थ्य पर अतिरिक्त ध्यान देना जरूरी है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो फेफड़ों को स्वस्थ रखने के साथ ही इनकी कार्यक्षमता को बेहतर करने में मदद कर सकती हैं।

साइकिलिंग

साइकिलिंग एक एरोबिक एक्सरसाइज है, जो फेफड़ों को स्वस्थ रखने में काफी मदद कर सकती है। इसके अतिरिक्त, इससे हृदय रोगों का खतरा भी कम होता है। दरअसल, साइकिल चलाते समय दिल की धड़कनें बढ़ जाती हैं, जो शरीर में रक्तसंचार को ठीक करने और हृदय से जुड़ी अन्य बीमारियों के खतरे को कम करने में बहुत मददगार है। इसके लिए रोजाना कम से कम 3० मिनट तक साइकिलिंग जरूर करें।



दौड़ना

फेफड़ों की कार्यक्षमता को बेहतर करने के लिए रोजाना कुछ मिनट दौड़ना सबसे अच्छी एक्सरसाइज है। दरअसल, दौड़ते समय फेफड़ों के फूलने की क्षमता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वहीं, दौड़ते समय व्यक्ति के शरीर की मांसपेशियां सक्रिय रहती हैं। इन लाभ के लिए हर रोज कम से कम दो किलोमीटर दौड़ने का लक्ष्य जरूर बनाएं। हालांकि, अगर आपको दौड़ने में किसी तरह की परेशानी होती है तो कुछ मिनट खुली हवादार और हरियाली जगह में जॉगिंग करें।

लिप ब्रीथिंग एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को आप टीवी देखते-देखते या फिर कोई भी काम करते समय कर सकते हैं। लिप ब्रीथिंग करने के लिए नाक से सामान्य तरीके से सांस लें। इसके बाद होंठों से सांस को इस तरह धीरे-धीरे छोड़ें जैसे कि केक पर लगी मोमबत्तियों को बुझाने के लिए फूंक मारी जाती है। इस क्रम को आप पांच से छह बार या फिर अपनी सुविधानुसार दोहरा सकते हैं। इस एक्सरसाइज से फेफड़े और हृदय के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



बैलून एक्सरसाइज

बैलून एक्सरसाइज भी फेफड़ों को स्वस्थ रखने में काफी मदद कर सकती है। सुनने में भले ही आपको अजीब लगे, लेकिन इस एक्सरसाइज को करने के लिए आपको अपने मुंह से गुब्बारे फुलाने होंगे। दरअसल, गुब्बारा फुलाने के दौरान गहरी सांस लेते है, जिसकी वजह से फेफड़ों में अधिक मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचती है और शरीर में ब्लड ऑक्सीजन की कमी नहीं होती हैं। इसके अतिरिक्त, इस एक्सरसाइज से पसलियों पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

# स्वास्थ्य के लिए मुसीबत बन सकता है अंगूर का अधिक सेवन



स्वास्थ्य के लिए अंगूर का सेवन काफी लाभदायक माना जाता है क्योंकि ये एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ कई जरूरी पोषक तत्वों समृद्ध होते हैं। हालांकि, अंगूर का अधिक सेवन स्वास्थ्य को प्रभावित करने का कारण बन सकता है, इसलिए सीमित मात्रा में ही इनका सेवन करना उचित है। दरअसल, अंगूर का अधिक सेवन कई समस्याओं का कारण बन सकता है। आइए जानते हैं कि अंगूर के अधिक सेवन से कौन-कौन सी समस्याएं हो सकती हैं।

बढ़ सकता है वजन

अंगूर का अधिक सेवन बढ़ते वजन का कारण बन सकता है और इसकी मुख्य वजह इसमें मौजूद कैलोरी है। इस समस्या को सामान्य न समझें क्योंकि यह शरीर को कई अन्य बीमारियों का घर बना सकती है। इसलिए रोजाना सीमित मात्रा में ही अंगूर का सेवन करें। वैसे कभी-कभी कुछ शारीरिक समस्याओं के कारण भी लोगों का वजन बढ़ने लगता है, इसलिए बढ़ते वजन की समस्या की असल वजह जानने के लिए डॉक्टर से संपर्क करें।

गर्भावस्था में पहुंचा सकते हैं नुकसान

गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के लिए भी अंगूर का अधिक सेवन नुकसानदायक है। इसका मुख्य कारण है कि अंगूर में फिनोलिक यौगिक मौजूद होते हैं, जिनकी अधिक मात्रा से गर्भवती महिला और होने वाले शिशु के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। इसलिए, अगर कोई महिला गर्भवती है तो वह अंगूर का सेवन न करें या फिर बेहद कम मात्रा में करें। यही नहीं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं को भी अंगूर का सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

किडनी हो सकती है प्रभावित

किडनी शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो खून को साफ करके शरीर से जहरीले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है। हालांकि, जब आप जरूरत से ज्यादा अंगूर का सेवन करते हैं तो इससे आपकी किडनी पर बहुत अधिक दबाव पड़ता है, जिसके कारण किडनी अपना काम सही ढंग से नहीं कर पाती है और किडनी से जुड़ी समस्याएं हो जाती हैं। अगर आप ऐसा कुछ नहीं चाहते तो अंगूर के सेवन पर ध्यान दें।

त्वचा पर हो सकती है एलर्जी

वैसे तो अंगूर के सेवन से शरीर के साथ-साथ त्वचा को कई तरह के लाभ मिल सकते हैं, लेकिन अगर आप इनका अधिक सेवन करते हैं तो इससे त्वचा को फायदे की बजाय नुकसान पहुंच सकता है। दरअसल, अंगूर के अधिक सेवन से त्वचा पर सूजन, खुजली और रैशेज आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए अंगूर का सेवन हमेशा सीमित मात्रा में ही करें। बता दें कि रोजाना एक कटोरी अंगूर का सेवन करना सुरक्षित है।

# प्रेग्नेंसी में महिलाएं ऐसे सोने की भूलकर भी न करें गलती, बढ़ सकती हैं मुश्किलें!

प्रेग्नेंसी में महिलाओं को कई चीजों को लेकर सावधानियां बरतने की जरूरत होती है, जिसमें खान- पान से लेकर सोना-बैठना कई चीजें शामिल है। अगर प्रेग्नेंसी के दौरान कोई भी गलती करते हैं तो इसका सीधा असर आपके गर्भ में पल रहे शिशु पर पडता है। इस लिए प्रेग्नेंसी में महिलाओं को डाइट के साथ-साथ स्लीपिंग पोजीशन पर भी अच्छे से ध्यान देने की जरूरत होती है। क्योंकि प्रेग्नेंसी में गलत स्लीपिंग पोजीशन का सीधा असर आपके गर्भ में पल रहे शिशु पर पडता है। ऐसे में आज हम आपको इस लेख में बताएंगे प्रेग्नेंसी में सही स्लीपिंग पोजीशन के बारे में।

प्रेग्नेंसी में पेट के बल सोन से बचना चाहिए

प्रेग्नेंसी में महिलाओं पेट के बल सोने से बचना चाहिए। क्योंकि इसका सीधा असर आपके गर्भ में पल रहे शिशु पर पडता है। ऐसे में शरीर में रक्त प्रवाह कम हो जाता है, जिससे शरीर में ऐंठन, दर्द हो सकता है और बच्चे पर भी गलत प्रभाव पड़ सकता है।

प्रेग्नेंसी में बैठकर नहीं सोना चाहिए

प्रेग्नेंसी में कुछ महिलाएं काम के दौरान थकान और कमजोरी के कारण बैठकर सो जाती हैं, जिसकी वजह से उनका शरीर पूरी तरह से आराम नहीं कर पाता है। ऐसे में आपको काफी थकान फील हो सकती है। लेकिन प्रेग्नेंसी में बैठकर सोने से बचना चाहिए।

प्रेग्नेंसी में सोने का सही तरीका

गर्भावस्था के दौरान बायीं करवट सोने की कोशिश करे। इस दौरान अपने पैरों के बीच तकिया रखें, इससे आपकी जांघों को आराम मिलता है।

पहली तिमाही

गर्भावस्था के दौरान पीठ के बल सोना ठीक है, लेकिन एक तकिया पैरों के बीच में रखें ताकि पैर थोड़े मुड़े रहें।

प्रेग्नेंसी में बाएं ओर सोना भी अच्छा है, इससे रक्त संचार बेहतर होता है।

दूसरी तिमाही

गर्भावस्था के दौरान बाएं ओर सोना जारी रखें।

प्रेग्नेंसी में तकिया का उपयोग करें ताकि गर्भ के बढ़ने से पीठ दर्द न हो।

तीसरी तिमाही

बाएं ओर सोना जारी रखें, इससे रक्त संचार और बच्चे की गति बेहतर होती है।

तकिया का उपयोग करें ताकि पीठ दर्द न हो और गर्भ का दबाव कम हो।

पैरों को थोड़ा ऊपर उठाकर सोने से रक्त संचार बेहतर होता है। (आरएनएस)

# व्हाइट डिस्चार्ज या यूटीआई की प्रॉब्लम को ऐसे करें दूर, हैवी पीरियड्स से भी मिलेगी राहत

महिलाएं कई बार ऐसी प्रॉब्लम फेस करती हैं जिसके बारे में वो खुलकर बात नहीं कर पाती हैं। ठीक इसी तरह से एक प्रॉब्लम है व्हाइट डिस्चार्ज , जिसमें वजाइना में से व्हाइट, पीला या भूरे कलर का डिस्चार्ज होता है और अगर समय रहते इस पर ध्यान ना दिया जाए तो इससे कई गंभीर समस्याएं भी हो सकते हैं। इसी तरह की एक और समस्या है वो है यूटीआई यानि यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन। यह यूरिन मार्ग में होने वाला इंफेक्शन है। इस प्रॉब्लम को आप घरेलू उपाय को अपनाकर कम कर सकती हैं। आयुर्वेद में सदियों से इस पानी का इस्तेमाल कई तरह की समस्याओं से निपटने में किया जा रहा है। हम यहां बात कर रहे हैं चावल के पानी की। जी हां चावल को धोते वक्त उसका जो पानी निकलता है उससे दूर कर सकते हैं आप ये सारी समस्याएं। आइए जानते हैं कैसे करना है इसका सेवन।

महिलाओं को क्यों होता है व्हाइट डिस्चार्ज

लगभग सभी महिलाएं कभी न कभी इस समस्या से परेशान रहती हैं। व्हाइट डिस्चार्ज को मेडिकल लैंग्वेज में ल्यूकोरिया कहते हैं, यह आमतौर पर पीरियड से पहले और ओवुलेशन के समय पर ज्यादा होता है। लेकिन अगर किसी महिला को बहुत ज्यादा वेजाइनल डिस्चार्ज हो रहा है, तो इससे फंगल इन्फेक्शन और यूटीआई जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। ये डिस्चार्ज सफेद रंग के अलावा पीले रंग का भी होता है और कई बार हरे और ब्राउन कलर का डिस्चार्ज भी होता है। यह आपको तब होता है, जब समय पर पीरियड्स नहीं आते हैं।

यूटीआई का क्या है कारण?


महिलाओं में यूटीआई भी बेहद कॉमन प्रॉब्लम है। ये शरीर में पानी की कमी, अनियंत्रित डायबिटीज, गलत तरीके से टॉयलेट पेपर का यूज, पेशाब को ज्यादा समय तक रोकने और किडनी में स्टोन की वजह से हो सकता है। ये सभी यूरिन पथ में समस्या पैदा कर बैक्टीरिया को आमंत्रित करते हैं। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# जीभ से कैसे पता चलती है बीमारी, आप भी शीशे में देखकर लगा सकते हैं पता



बीमारी होने पर जब आप डॉक्टर को दिखाने जाते हैं तो वो सबसे पहले आपकी जीभ देखते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा डॉक्टर जीभ क्यों देखा करते हैं। दरअसर, हमारी जीभ कई बीमारियों को पहले ही बता देती है। आप खुद भी जीभ में होने वाले बदलावों को देखकर पता कर सकते हैं कि आपको कोई बीमारी तो नहीं होने वाली है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जीभ किसी बीमारी का संकेत दे रहा है तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई बार यह गंभीर भी हो सकता है।

सफेद छाले होना

जीभ पर सफेद छाले होना बताता है कि पेट में गड़बड़ी है। पाचन में दिक्कत होने के बाद कई बार जीभ पर लाल या सफेद छाले हो जाते हैं। इसका इलाज तुरंत कराना चाहिए, इसे कभी भी इग्नोर नहीं करना चाहिए।

जीभ पर पीले रंग की कोटिंग

अगर जीभ पर सफेद रंग की हल्की सी कोटिंग है तो इसका मतलब आप हेल्दी हैं लेकिन अगर यही कोटिंग पीले रंग की है तो सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि पीले रंग की हल्की मोटी कोटिंग यीस्ट इंफेक्शन की तरफ इशारा करती है।

ज्यादा सॉफ्ट जीभ

अगर जीभ का रंग गाढ़ा लाल है या वह काफी मुलायम महसूस हो रही है तो इसका मतलब है कि शरीर में विटामिन बी12 और आयरन की कमी है। इसकी जानकारी डॉक्टर के पास जाकर लेनी चाहिए।

गहरी लाल रंग की जीभ

जीभ का गहरा लाल होना इंफेक्शन का लक्षण हो सकता है। कई बार कावासाकी बीमारी या लाल बुखार की वजह से भी ऐसा हो सकता। अगर यह हल्की सफेद नजर आए तो एनीमिया का संकेत हो सकता है।

लाल जीभ पर सफेज स्पॉट

तंबाकू, सुपाड़ी खाने वालों की जीभ पर सफेद स्पॉट पड़ जाते हैं। कई बार ज्यादा तला भुना खाने से एसिड की मात्रा बढ़ जाती है और ऐसा हो सकता है। अगर एक दो हफ्ते बाद भी यह खत्म न हो तो तुरंत डॉक्टर से जाकर मिलना चाहिए।

जीभ चिकनी होना

जीभ का ऊपरी हिस्सा हल्का खुरदुरा होता है। अगर यह अचानक से चिकना हो जाए तो विटामिन की कमी के लक्षण हो सकते हैं। शरीर में पोषक तत्वों की कमी की वजह से भी ऐसा हो सकता है।

# स्वैग में नजर आए थलाइवर, बिग बी से होगा आमना-सामना

सुपरस्टार रजनीकांत और अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का ग्रैंड ऑडियो लॉन्च और प्रीव्यू इवेंट सितंबर को चेन्नई के के नेहरू इंडोर स्टेडियम में हुआ था जिसमें फिल्म का प्रीव्यू लॉन्च किया गया था। टीजे ज्ञानवेल द्वारा निर्देशित, एक सोशल मैसेज वाली फिल्म 10 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने वेट्टैयन का प्रीव्यू लॉन्च कर दिया है जिसमें रजनीकांत स्वैग में नजर आ रहे हैं उन्हें फुल एक्शन मोड़ में देखा जा सकता है। वहीं बिग बी का स्क्रीन प्रेजेंस भी कमाल का है। प्रीव्यू में बिग बी पुलिस की ओर से है वहीं रजनीकांत को आखिरी में पुलिस की वर्दी में देखा जा सकता है लेकिन अभी अंदाजा लगाना मुश्किल है कि रजनीकांत का रोल क्या है। हालांकि बिग बी की रजनीकांत से टक्कर तो तय है। वहीं फहद फासिल, राणा दग्गूबाती, मंजू वॉरियर की झलक भी प्रीव्यू में देखी गई।

वेट्टैयन एक एक्शन ड्रामा है, जिसे कूटाथिल ओरुथन और जय भीम फेम टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी बी किरुथिका ने लिखी है। वेट्टैयन फिल्म में रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, फहद फासिल, राणा दग्गुबाती, मंजू वारियर, रितिका सिंह, दुशरा विजयन, रोहिणी, राव रमेश और रमेश थिलक जैसे कलाकार खास रोल में हैं। लाइका प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा तैयार किया गया है।

## शब्द सामर्थ्य - 84

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | 3 ■ | आ | वा | जा | ही | 6 ■ | 4 ■ |
| मा | ■ | खू | ब | 8 ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | 10 ■ | ल | क्ष्य |
| 12 ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| 12 ■ | वी | रा | न | ■ | 15 ■ | च | ट | क |
| 17 ■ | र | ब | 18 ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | 17 ■ | 21 ■ | आ | ग | 19 ■ | दा | ना | ■ |
| 23 ■ | अ | ग | र | म | ग | र | 23 ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | 26 ■ | ■ | व | ध |



## हर्षवर्धन राणे की रोमांटिक फिल्म सनम तेरी कसम के सीक्वल का एलान

हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की जोड़ी को 2०16 की हिट फिल्म सनम तेरी कसम में देखा गया था। मेकर्स ने फिल्म के सीक्वल का अनाउंसमेंट किया है। इस फिल्म में हर्षवर्धन राणे मुख्य भूमिका में वापसी करेंगे। वहीं, टीम को इस प्रोजेक्ट के लिए बेहतरीन डायरेक्टर की की तलाश है।

हर्षवर्धन राणे ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम ने सनम तेरी कसम 2 के मेकर दीपक मुकुट के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है और कैप्शन में लिखा है, सनम तेरी कसम 2 आधिकारिक तौर पर बन रही है। पहली फिल्म की शानदार प्रेम कहानी के बाद, हम और भी कुछ लेकर आए हैं। अपडेट के लिए बने रहें। सनम तेरी कसम 2। तस्वीर में हर्षवर्धन के हाथ में स्क्रिप्ट देखी जा सकती है। व्हाइट शर्ट और ब्लैक डेनिम जैकेट में इंदर काफी स्मार्ट लग रहे हैं। वह दीपक मुकुट के साथ कैमरे के लिए पोज देते दिख रहे है। दीपक मुकुट ने हर्षवर्धन राणे के साथ 'सनम तेरी कसम 2' की घोषणा की।

फिल्म का एलान होने के बाद फैंस कयास लगा रहे हैं कि क्या मेकर्स सीक्वल में पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा को कास्ट करेंगे या नहीं। पोस्ट पर एक यूजर ने कमेंट कर लिखा है, सनम तेरी कसम मावरा के बिना नामुमकिन है। एक दूसरे यूजर ने लिखा है, हम मावरा को हीरोइन के रूप में चाहते हैं। जबकि एक ने लिखा है, मावरा के बिना? इसे नहीं देखूंगा। एक ने कमेंट किया है, दिन की सबसे अच्छी खबर लेकिन मावरा (सरु) के बिना दुखद हिस्सा है।

दीपक मुकुट (सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट) ने सनम तेरी कसम के दूसरे भाग की घोषणा की। हर्षवर्धन राणे दूसरे भाग में भी अभिनय करेंगे। इस बीच, पहला भाग इस अक्टूबर में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगा।

फिल्म के अपडेट के बारे में जानकारी देते हुए टीम के स्पोकपर्सन ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि सनम तेरी कसम 2 की पुष्टि हो गई है, जिसमें हर्षवर्धन राणे एक बार फिर लीड एक्टर के रूप में नजर आएंगे। सीक्वल की कहानी तय हो गई है। निर्देशक का चयन अभी बाकी है। इस बीच, सनम तेरी कसम के निर्देशक राधिका राव और विनय सप्रू एक और प्रेम कहानी किसी अन्य प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जिसमें हिमेश रेशमिया मुख्य भूमिका में होंगे।

## द बकिंघम मर्डर्स का संघर्ष जारी

हंसल मेहता की लेटेस्ट डायरेक्शनल 'द बकिंघम मर्डर्स' साल की मोस्ट अवेटेड फिल्म थी। हालांकि फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद दर्शकों से ठंडा रिस्पॉन्स मिला। इसी के साथ ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद निराशाजनकर परफॉर्म कर रही है। यहां तक की करीना कपूर की स्टार पावर भी दर्शकं को सिनेमाघरों तक नहीं खींच पा रही है। 'द बकिंघम मर्डर्स' में करीना कपूर की दमदार एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है लेकिन कमाई के मामले में ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फिसड्डी साबित हो गई है। फिल्म रिलीज के पहले दिन से सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है हालांकि वीकेंड पर इसने थोड़ी स्पीड भी बढ़ाई लेकिन वीकडेज में तो ये बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह धड़ाम हो चुकी है। अब तो आलम ये है कि इसके लिए चंद लाख कमाना भी मुश्किल हो रहा है। ये फिल्म पाई-पाई कमाने के लिए तरस रही है। फिल्म की कमाई की रफ्तार इतनी धीमी है कि इसका जल्द ही बॉक्स ऑफिस से पत्ता साफ होता नजर आ रहा है। इसी के साथ करीना कपूर की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो चुकी है।

हंसल मेहता की क्राइम-थ्रिलर एक मां जसमीत (करीना कपूर खान द्वारा स्टारर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसने अपना इकलौता बेटा खो दिया है। प्रोफेशन से वह एक जासूस है। जसमीत अपने बच्चे की यादों से आगे बढने् के लिए एक नए शहर में चली जाती है, जैसे ही वह लाइफ में बिजी होने की कोशिश करती है, उसे बच्चे के मर्डर का केस मिलता है उसके बाद फिल्म में कई हैरान कर देने वाली घटनाएं सामने आती हैं।

# श्वेता तिवारी ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर मचाया बवाल

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी का जादू फैंस के बीच इस कदर चलाया है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की थी। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

श्वेता तिवारी बढ़ती हुई उम्र में और भी ज्यादा खूबसूरत होती जा रही हैं। उम्र के साथ उनकी हॉटनेस भी बढ़ती जा रही है। बता दें कि एक्ट्रेस किसी भी आउटफिट में अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उन पर से नजरें नहीं हटा पाते हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड और हॉट अवतार देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जितनी खूबसूरत पहले हुआ करती थी आज भी उतनी ही सुंदर है। वहीं, फिटनेस के मामले में भी उनका कोई जवाब नहीं है। श्वेता तिवारी 43 साल की हो गई हैं, लेकिन आज भी उनके चेहरे का नूर बिल्कुल पहले जैसा ही है।



इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने फ्लोरल व्हाइट प्रिंट लुक में थाई स्लिट आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बाल, नो मेकअप लुक और चेहरे पर प्यारी सी स्माइल ने श्वेता तिवारी के इस लुक पर चार चांद लगा दिया है। उनका ये हॉट अवतरा इंटरनेट पर शेयर होते ही बवाल मचाने लग गया है।

इंडियन हो या वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स को लेकर सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है।

# स्टाइलिश आउटफिट पहन अवनीत कौर ने शेयर किया हॉट लुक, बोल्ड फोटोज ने इंटरनेट का पारा किया हाई



छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग और फैशन स्टेटमेंट्स से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस अवनीत कौर इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो किलर अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं।

बालों को कर्ली स्टाइल लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। साथ ही लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए रिएक्संस भी देते हैं।

# भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का विस्तृत क्षितिज

श्रीमती अनीता प्रवीण

भारत दुनिया की सबसे बड़ी एवं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और इसका खाद्य प्रसंस्करण उद्योग आर्थिक विकास को गति देने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न व्यावहारिक पहलों के साथ-साथ सुधारों के एक नए युग की शुरुआत की है, जिसने भारत को तेजी से विकास के पथ पर ला खड़ा किया है। राष्ट्र न केवल अभूतपूर्व प्रगति एवं विकास का साक्षी बना है, बल्कि एक जीवंत एवं विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था द्वारा संचालित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भी उभरा है।

भारत सरकार की प्रगतिशील नीतिगत पहलों एवं उपायों के कारण, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और मैन्यूफैक्चरिंग के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में 7.66 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कृषि के जीवीए में 8.45 प्रतिशत का योगदान दिया है।

समृद्ध एवं विविधतापूर्ण कृषिगत संसाधनों से लैस भारत वैश्विक स्तर पर खाद्य उत्पादन के मामले में एक महत्वपूर्ण शक्ति है। दूध, पोषक अनाज, खाद्यान्न, फल, सब्जियां, चाय और मछली जैसी कई खाद्य पदार्थों का सबसे बड़ा उत्पादक होने के नाते, इसने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का कृषि-खाद्य निर्यात बढक़र 46.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो इस क्षेत्र की तीव्र प्रगति और इसके बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है। कुल कृषि-खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 2014-15 में 4.90 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढक़र 2023-24 में 10.88 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई। नवाचार, निवेश और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के सही मिश्रण के साथ, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का संपूर्ण दोहन करने और देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपार एवं विविधतापूर्ण अवसर उपलब्ध हैं और इसका प्रत्येक उप-क्षेत्र विकास की अनूठी संभावनाएं प्रदान करता है। प्रौद्योगिकी के आगमन ने इस उद्योग में क्रांति ला दी है, जिससे खाद्य सुरक्षा, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के प्रबंधन में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। ई-कॉमर्स में आए उछाल और उपभोग के लिए तैयार (रेडी-टू-ईट) व सुविधाजनक खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खोल दिए हैं, जिससे यह निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया है।

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को सहायता प्रदान करने हेतु, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने ऐसी कई योजनाएं और पहल लागू की हैं जो बदलाव लाने और एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने में अहम रही हैं। यह इकोसिस्टम सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं बड़े उद्यमों में नवाचार, निवेश और समावेशिता को प्रोत्साहित करता है। प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) नाम की प्रमुख योजना ने खेतों से रिटेल आउटलेट तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इन प्रयासों से न केवल फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम किया जा सका है, बल्कि निर्यात क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएस) भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रमुख प्रयास है। मंत्रालय देश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की स्थापना/उन्नयन के लिए वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित पीएम सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) भी लागू कर रहा है।

वर्ल्ड फूड इंडिया'- वैश्विक स्तर पर फूड बास्केट' के रूप में भारत

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा परिकल्पित वर्ल्ड फूड इंडिया' वैश्विक स्तर पर एक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में उभरने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह वार्षिक उत्सव एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है, जो खाद्य मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित हितधारकों को एक साथ लाता है, पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा देता है, ज्ञान साझा करने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करता है और भारत को एक वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरित करता है। यह बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम 19 से 22 सितंबर 2024 के दौरान नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। पिछले संस्करणों की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस वर्ष के आयोजन का लक्ष्य अपेक्षाकृत अधिक बड़ा और प्रभावशाली कार्यक्रम का संचालन करना है जो नेटवर्किंग और सहयोग के अद्वितीय अवसर प्रदान करे। मंत्रालय वैश्विक निवेशकों, व्यापारिक जगत की अग्रणी हस्तियों, खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों, निर्यातकों, आयातकों, नवोन्मेषकों तथा सरकारी प्रतिनिधियों को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में शामिल होने और भारत के विशाल खाद्य बाजार व आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया है।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में पेट फूड, एचओआरईसीए (होटल, रेस्तरां और कैटरिंग) और फसल की कटाई के बाद (पोस्ट हार्वेस्ट) उपयोग में आने वाली मशीनरी सहित कई नए क्षेत्रों को समर्पित विशेष खंड शामिल होंगे। ये नए समावेश खाद्य उद्योग के उभरते परिदृश्य को दर्शायेंगे और इनका उद्देश्य विविध किस्म के निवेश व नवाचारों को आकर्षित करना है। यह आयोजन उद्योग जगत के हितधारकों के बीच ज्ञान साझा करने और सहयोग की सुविधा की दृष्टि से डिजाइन किए गए विभिन्न विषयगत सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन करेगा। इसके मुख्य विषयों में टिकाऊ पैकेजिंग प्रौद्योगिकियां; अपशिष्ट को न्यूनतम करना, मूल्य को अधिकतम करना; खाद्य-पदार्थ एवं व्यापार के मामले में क्रांतिकारी बदलाव लाना शामिल होंगे। ये सत्र विशेषज्ञों को चुनौतियों का समाधान करने, सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को साझा करने और सतत विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियों का पता लगाने के लिए एक मंच प्रदान करेंगे। इसी के समानांतर, रिवर्स बायर सेलर मीट' अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों एवं भारतीय विक्रेताओं के बीच सीधे बातचीत को संभव बनाएगी, बाजार तक पहुंच सुलभ करेगी और नई साझेदारियों को बढ़ावा देगी।

उपरोक्त बातों के अलावा, भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा आयोजित वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ल्ड फूड इंडिया के साथ किया जायेगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान हेतु वैश्विक खाद्य नियामकों के बीच निरंतर बातचीत एवं सहयोग को प्रोत्साहित करना है।खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय एक ऐसे जीवंत व सुदृढ़ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है जो न केवल भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान दे, बल्कि देश के लोगों का कल्याण भी सुनिश्चित करे। साथ मिलकर, हम एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, जहां विकसित भारत की आकांक्षाओं और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के सपने को साकार करते हुए भारत खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा।

लेखक सचिव, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय हैं

## सू- दोकू क्र. 84

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.83 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

# मजबूत हो रहे सडक़, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य के चार पिलर

धनंजय राठौर

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ के विकास की रफ्तार नये कीर्तिमान भी स्थापित कर रही है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की पहचान एक अलग मुकाम तक पहुंचा रही है। छत्तीसगढ़ के सडक़, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य के लिए केंद्र से छत्तीसगढ़ को 11।1 करोड़ रूपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार की पूंजीगत व्यय यानी कैपेक्स के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत टॉप-5 पर पहुँच गया है। छत्तीसगढ़ असम, गुजरात, हिमाचल, त्रिपुरा, गोवा और सिक्किम जैसे राज्यों की तुलना में आगे है।



ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूत करने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को समझकर उनके हित में कार्य और त्वरित निर्णय से जनता और सरकार के बीच का रिश्ता मजबूत हुआ है। यही कारण है कि केंद्र सरकार के कैपेक्स में पूरे देश में छत्तीसगढ़ टॉप-5 में है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक नया विभाग भी बनाया है। सुशासन एवं अभिसरण (गुड गवर्नेंस एवं कन्वर्जेंस) विभाग अन्य शासकीय विभागों में जनता को आने वाली समस्याओं को समझकर उनके समाधान पर कार्य करेगी। हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का सौ फीसदी लाभ सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर स्तर पर परफॉरमेंस रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। शासकीय विभागों और जनसरोकार से जुड़े कार्यों के डिजिटलाइजेशन से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आ रही है बल्कि विभागों का परफोरमेंस भी बेहतर हो रहा है। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

शासकीय विभागों को समय के अनुरूप अपडेट करने के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार अहम् कदम उठा रही है, जिसमें लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जनता से जुड़ी 90 सुविधाओं का डिजिटलीकरण, शासकीय खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए जैम पोर्टल की शुरुआत। सभी शासकीय विभाग के लिए अलग-अलग पोर्टल का निर्माण और ई-ऑफिस की दिशा में बढने् की पहल, शासकीय विभागों से सम्बंधित विभिन्न व्यापारिक और औद्योगिक इकाईयों के एनओसी की प्रक्रिया के सरलीकरण जैसे निर्णय ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के स्वरुप पर आधारित केंद्र सरकार की नीतियों से आमजनों के जीवन को बेहतर बनाने के मिशन पर भी तेजी से कार्य हो रहा है।

प्रदेश के युवाओ को उद्यम से जोडने् की बात हो या किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित करने की छत्तीसगढ़ सरकार दोनों स्तर पर परिवर्तनकारी कदम उठा रही है जिसका परिणाम दिखने लगा है। यही कारण है कि खर्च और निवेश की सम्भावनाओं वाले देश के ।88 जिलों में छत्तीसगढ़ का डीपीआई स्कोर 3।.0 है जो दिल्ली 68.2, पश्चिम बंगाल 42.9, उत्तराखंड 41.0 के मुकाबले बेहतर है। दूसरे राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, इन कार्यों को आमजनों की जरूरतों के अनुकूल किया जा रहा है।

लेखक संयुक्त संचालक, जनसंपर्क हैं

# स्वतंत्रता सेनानी के रूप ने गांधी को महात्मा बना दियाः प्रो. उभान



कार्यालय संवादाता

नरेन्द्रनगर। राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर में भाषण, भजन, गीत गायन एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर गांधी एवं शास्त्री की जयंती को मनाया गया। तय कार्यक्रमानुसार आज प्रातः 8:00 बजे कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान ने ध्वजारोहण किया,इसके बाद उपस्थित कार्मिकों एवं विद्यार्थियों ने गांधी-शास्त्री अमर रहे!एवं वंदे मातरम की गगनभेदी नारे लगाए।

रूसा सभागार में गांधी और शास्त्री के चित्रों के सम्मुख प्राचार्य प्रोफेसर उभान ने पवित्र ज्योति प्रज्वलित की। इसके साथ ही समस्त कॉलेज परिवार ने गांधी - शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर उभान ने गांधी और शास्त्री के जीवन को त्याग और बलिदान की मिसाल बताया, उन्होंने कहा कि बैरिस्टर से पूर्व गांधी और स्वतंत्रता सेनानी के रूप में गांधी का रूपांतरण अद्भुत है जिसने उन्हें महात्मा बना दिया।

डॉ विक्रम सिंह बर्त्वाल ने गांधी जी को 19वीं तथा शास्त्री जी को 20वीं शताब्दी का अनमोल रतन बताया। डॉ विजय प्रकाश भट्ट ने कहा कि दोनों महान विभूतियों का व्यक्तित्व महान के साथ सरलता की मिसाल है जो की परम त्याग का परिणाम है।इससे पूर्व डॉ सोनी तिलारा के नेतृत्व में गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव..एवं प्रिय गीत वैष्णव जन..का गायन संपूर्ण कॉलेज परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गयाा। कार्यक्रमों का समापन मिष्ठान वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रमों का संचालन डॉ विक्रम सिंह बर्त्वाल ने किया ।

# जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखेंः मुख्य सचिव

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गांधी व शास्त्री जयंती पर उनके चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाना चाहिए।

आज यहां मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के अवसर पर सचिवालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर भारतखंडे संगीत महाविद्यालय द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन का समवेत गायन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि प्रतिवर्ष आज के दिन हम दो महान नेताओं गांधी जी एवं शास्त्री जी को याद करते हैं।



राष्ट्रपिता गाँधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन मे एक सम्पूर्ण दर्शन समाहित है, जिससे हमें जीवन के बहुत से मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा मिलती है।

महात्मा गांधी के विचार और सिद्धांत आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं। हमें उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। हमें सत्य, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। महात्मा गांधी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चाई और मानवता की सेवा सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि सरकारी सेवकों द्वारा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्व का पालन पूरी मानवीयता एवं संवेदनशीलता से किया जाना ही उनके द्वारा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सचिवालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


# गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

देहरादून (कासं)। गांधी पार्क में दून के स्वतंत्रता सेनानी परिजनों, पूर्व सैन्य अधिकारियों, सेवानिवृत्त राज्य सरकार के अधिकारियों,पर्यावरण प्रेमियों ने भी गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

यहां गांधी जी के नमक सत्याग्रह आंदोलन के प्रतीक दून के खाराखेत से लाए गए पवित्र जल कलश को गांधी जी की प्रतिमा पर अर्पित करने के बाद, संयुक्त नागरिक संगठन के प्रेरणास्त्रोत पद्मश्री कल्याण सिंह रावत मैती ने कहा कि आजादी के संघर्ष में खाराखेत का महत्वपूर्ण स्थान है। जहां देशभक्तों ने खारे पानी से नमक बनाकर अंग्रेजी कानून को तोड़ा था और दंड स्वरूप जेल में रहे थे। इनका कहना था कि खारा खेत के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए इस स्थान के सौंदर्यकरण और विकास की योजनाएं बनानी होगी। इस अवसर पर वक्ताओं ने गांधी जी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व, नैतिकता, आदर्श और देश प्रेम के जज्बे का उल्लेख करते हुए जनप्रतिनिधियों और नौकरशाही को इनसे सीख लेने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में ठा. शेरसिंह,पीसी खंतवाल, ब्रिगेडियर केजी बहल,लेफ्टिनेंट कर्नल बीएम थापा, लेफ्टिनेंट कर्नल जीएस गंभीर,रामचंद्र जोशी, जगदीश बावला,मनोज ध्यानी, प्रकाश नागिया,जगमोहन मेहंदीरत्ता, डॉक्टर रवि चोपड़ा,राकेश उपाध्याय,चंद्र सिंह नेगी, आशा टम्टा,जयपाल सिंह,परमजीत कक्कड, कुसुम धसमाना,अवधेश पंत,एसपी चौहान,उपेंद्र बिजलवान, देवेंद्र सैनी,उषा कोठारी, सुशील सैनी, अवधेश शर्मा, जितेंद्र डडोना,डॉक्टर मुकुल शर्मा आदि शामिल थे।




# सोनम वांगचुक को करें बिना शर्त रिहाः मर्तोलिया

कार्यालय संवाददाता

पिथौरागढ़। उत्तराखंड बचाओ संघर्ष समिति ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली में गिरफ्तार किए जाने की निंदा की। समिति ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख तत्काल सोनम को बिना शर्त रिहा किए जाने की मांग की। समिति के प्रदेश संयोजक जगत मर्तोलिया ने कहा कि लद्दाख क्षेत्र को छठवीं अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर दिल्ली में शांतिपूर्ण अपनी मांग को लेकर आवाज उठाने के लिए आ रहे सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लोकतंत्र की हत्या कर दी है। उन्होंने कहा कि इस गिरफ्तारी के पीछे केंद्र सरकार का हाथ है। बिना केंद्र सरकार की अनुमति के बिना दिल्ली पुलिस एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा सकती थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी मांग को लेकर शांतिपूर्वक आवाज उठाने की अनुमति नहीं होगी तो यह लोकतंत्र की हत्या की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तत्काल सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को रिहा करते हुए उनकी मांगों के सम्मान करते हुए लद्दाख क्षेत्र को 6वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए आगे आना चाहिए। उत्तराखंड की लोकतांत्रिक जनता इस मामले में सोनम वांगचुक के साथ है।



## एक नजर




# गांधी जयंती पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने लिया सफाई अभियान में हिस्सा

### ❑बापू को किया याद, स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल पूरे

विशेष संवाददाता

देहरादून। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू आज उत्तराखंड दौरे पर आए हुए हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज उन्होंने स्थानीय गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन समर्पित किये तथा झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में भी भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज से 10 साल पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। जिसको आज 10 साल का समय पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत का यह स्वच्छता अभियान अब तक जन जागरण अभियान का रूप ले चुका है पूरे देश में स्वच्छता को लेकर जो जागृति आई है उससे देश में कई बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन में क्या महत्व है लोगों ने अब इसे समझ लिया है यही कारण है कि यह अभियान गांवों तक पहुंच चुका है।

उन्होंने कहा कि मुझे उत्तराखंड से हमेशा ही बड़ा लगाव रहा है यहां आकर मुझे लगता है कि जैसे मैं अपने घर आ गया हूं। उन्होंने कहा कि मैं खुद भी पहाड़ का रहने वाला हूं। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास के लिए अत्यंत ही महत्व का दिन है। आज महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी है तथा आज ही स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल भी पूरे हो रहे हैं तथा आज उत्तराखंड राज्य के शहीदों का शहीदी दिवस भी है। इस अवसर पर उनके साथ मंत्री धन सिंह रावत तथा संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# महानिदेशक सूचना ने महापुरुषों के चित्र पर किए श्रद्धा सुमन अर्पित

हमारे संवाददाता

देहरादून। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर रिंग रोड स्थित सूचना निदेशालय में उनके चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा का जो मार्ग दिखाया, हमें अपने जीवन में उनके सिद्धांतों का पालन करते हुए समाज में शांति, समृद्धि और सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। गांधी जी के सत्य और अहिंसा के आदर्श हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के मूल्यों और सिद्धान्तों पर आधारित जीवनशैली के आदर्शों का अनुसरण करते हुए हमें जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर अपर निदेशक आशीष कुमार त्रिपाठी और उपनिदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित सूचना निदेशालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# धामी सरकार ने तीन साल में शुरु किए दो मेडिकल कॉलेज

## ●अल्मोड़ा के बाद अब हरिद्वार मेडिकल कॉलेज भी शुरु

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के तीन साल के कार्यकाल के दौरान, उत्तराखण्ड में दो नए मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुके हैं। धामी सरकार के कार्यकाल के दौरान 2022 में अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुका है, और अब इसी सत्र से हरिद्वार मेडिकल कॉलेज भी शुरू होने जा रहा है। दोनों जगह की कुल 200 नई सीटें जुड़ने से उत्तराखण्ड में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में मेडिकल सीटों की संख्या बढ़कर 625 हो गई है।

पुष्कर सिंह धामी सरकार के कार्यभार ग्रहण करने से पहले प्रदेश में श्रीनगर, देहरादून और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज ही संचालित हो रहे थे। हालांकि तब तक अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज और



हरिद्वार मेडिकल कॉलेज पर भी काम शुरू हो चुका था। कार्यभार ग्रहण करने के तत्काल बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ ही एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन दोनों मेडिकल कॉलेजों को प्राथमिकता पर शुरू करने के निर्देश दिए। जिसके बाद दोनों मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर पूरा किया गया। जिसमें से अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज का निर्माण पहले पूरा होने पर यहां 2022 से ही मेडिकल की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। अब इसी क्रम में हरिद्वार मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण कार्य पूरा होने से इसी शैक्षिक सत्र से यहां भी एमबीबीएस की 100 सीटों पर प्रवेश का रास्ता साफ हो गया है। केंद्र सरकार ने हरिद्वार मेडिकल कॉलेज के लिए 100 मौजूदा शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए 100 सीटें मंजूर कर दी हैं। इसके लिए अब काउंसिलिंग शुरू की जा रही है। इससे प्रदेश के और अधिक बच्चों को एमबीबीएस करने का मौका मिलेगा, इसके लिए उन्हें सरकारी फीस ही चुकानी है।

# फीस के नाम पर 1 करोड से अधिक की धोखाधड़ी करने वाली लिपिक गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। फीस के नाम पर एक करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी करने वाली लिपिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार माह सितम्बर 2024 में उत्तरकाशी अल्पाइन पब्लिक स्कूल की प्रबंधक डॉ. जया पटेल द्वारा अल्पाइन स्कूल में बच्चों की फीस जमा करने के नाम पर धोखाधड़ी करने के सम्बन्ध में एक तहरीर दी गयी, जिसमें उनके द्वारा बताया गया था कि अनुराधा (लिपिक अल्पाइन पब्लिक स्कूल) द्वारा अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर षडयंत्र कर स्कूल की फर्जी फीस रसीद तैयार कर 1 करोड़ 9 लाख 12 हजार 143 रुपये की धोखाधड़ी की गयी। तहरीर के आधार पर मामले में पुलिस द्वारा अनुराधा व अन्य खिलाफ कोतवाली उत्तरकाशी पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। मामले में जांच करते हुए पुलिस द्वारा स्कूल से प्राप्त फीस रसीदों, रजिस्ट्रों, बैंक स्टेटमेंट, घटना स्थल का निरीक्षण, बच्चों, अभिभावकों व मामले से जुडे अन्य लोगों के बयान व पूछताछ में साक्ष्य जुटाकर मुख्य आरोपी अनुराधा पत्नी विकास रावत को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## शहीदों की आकांक्षाओं..

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

जिन्होंने अलग राज्य के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया उन आंदोलनकारियों के मन में अलग राज्य को लेकर जो बड़े-बड़े सपने थे हमारा प्रयास है कि हम उनके सपनों का राज्य बनाएं। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# हॉस्पिटल के डायरेक्टर से मांग रहा था रंगदारी, यू-ट्यूबर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

देहरादून। सोशल मीडिया के माध्यम से हॉस्पिटल के डायरेक्टर को बदनाम कर जान से मारने की धमकी एवं ब्लैकमैल करने वाले आरोपी यू-ट्यूबर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीती 17 अगस्त को शुभम चंदेल डायरेक्टर पेनेशिया हॉस्पिटल देहरादून रोड ऋषिकेश द्वारा कोतवाली ऋषिकेश में तहरीर देकर बताया गया था कि एक व्यक्ति जिनका नाम अरविंद हटवाल है, जो अपने आप को पत्रकार बताता है, उनके हॉस्पिटल में सामाजिक कार्यकर्ता बनकर आया और कभी किसी की शादी, कभी किसी के इलाज के नाम पर आर्थिक मदद ले जाने लगा, उसे सामाजिक कार्यकर्ता समझकर उनके द्वारा कई बार उसकी सहायता की गयी। बताया कि फरवरी माह 2024 में उसके द्वारा उनसे 25 हजार रूपये नगद डिमांड की गयी तथा न देने पर उनके हॉस्पिटल को तरह-तरह से धमकियां देने लगा। मार्च माह में



आरोपी द्वारा रात्रि के समय उनको देहरादून जाते समय नटराज चौक पर रोककर उनके साथ धक्का मुक्की तथा गाली गलोच की गयी तथा पैसा न देने पर उनके हॉस्पिटल को बदनाम करने तथा जान से मारने की धमकी दी गयी। बताया कि आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर उनके हॉस्पिटल को बदनाम कर उन्हें लगातार ब्लैकमेलिंग करते हुए उनके साथ गाली गलोच व धमकी दी जा रही है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान प्राप्त हुए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी अरविंद हटवाल पुत्र अनुसुया प्रसाद निवासी गली नम्बर 5 गंगानगर ऋषिकेश जिला देहरादून को बाला सुन्दरी मन्दिर गेट गली नम्बर 12 विस्थापित ऋषिकेश से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## राज्य में वर्क पॉपुलेशन...

◀◀ पृष्ठ 1 का शेष

प्रतिशत और 15 से अधिक आयु वर्ग में 37 प्रतिशत से बढ़कर 43.7 प्रतिशत हुई है। राज्य में लखपति दीदी योजना और महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने की वजह से भी महिलाओं के वर्क पॉपुलेशन रेशियो में वृद्धि हुई है। 2022-23 में राज्य का बेरोजगारी दर 14.2 प्रतिशत था जो 2023-24 में घटकर 9.8 प्रतिशत रह गई है। उत्तराखण्ड में एक साल में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य सरकार की नई नीतियों और पुरानी नीतियों में संशोधन व रोजगार और स्वरोजगार के लिए चलाये गये कार्यक्रमों से भी जीएसडीपी में वृद्धि हुई है। राज्य में पर्यटन, विनिर्माण क्षेत्र और सरकारी नौकरियों में लोगों को अधिक रोजगार मिला है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी,सी.पी.जी.जी के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मनोज पंत उपस्थित थे।

**आर.एन.आई.-** 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*